जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर

कमांक/एफ/अकादमी/पीएच.डी./2019 - 537 दिनांक 26/08/19

//कार्यालीन आदेश//

प्रायः दृष्टिगत होता है कि कुछ शोधार्थी लम्बी अवधि तक अपने मार्गदर्शक/ सह–मार्गदर्शक के सम्पर्क में नही रहते है इससे यह स्पष्ट नही हो पाता है कि वे वर्तमान में शोधरत हैं या नहीं।

कुछ मार्गदर्शक की ओर से ऐसे शोधार्थियों के सबंध में प्रस्ताव आये है, कि विगत लम्बी अवधि से उनके सम्पर्क में न रहने वाले शोधार्थियों के पंजीयन निरस्त कर दिये जावें।

तदनुसार समस्त शोधार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे अपने मार्गदर्शक के माध्यम से 30.08.2019 तक इस सबंध में वस्तुस्थिति स्पष्ट करते हुये कार्यालय में अपना पक्ष प्रस्तुत करें। नियत तिथि तक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने की स्थिति में एक पक्षीय निर्णय लेते हुये उनके शोध पंजीयन निरस्त कर दिये जावेंगे।

इस सबंध में समस्त मार्गदर्शक/सह–मार्गदर्शक को भी निर्देशित किया जाता है कि वे उनके मार्गदर्शन में शोधरत छात्र/छात्राओं से संबंधित विवरण निम्नांकित तालिका में दिनांक 30.08.2019 तक विश्वविद्यालय के ई–मेल **jiwajiphdacademic@gmail.com** पर भेजें।

स. क.	मार्गदर्शक/सह–मार्गदर्शक का नाम	पदनाम/ विभाग/ विषय	पंजीयत शोध छात्रो के नाम	30.08.2019 की स्थिति में शोधरत छात्रों के नाम	**टिप्पणी** शोधार्थी नियमित रूप से शोधरत है निरंतर रखे/ **अथवा** शोधार्थीसम्पर्क में नही है पंजीयन निरस्त किया जाये

नियत तिथि तक मार्गदर्शक/सह–मार्गदर्शक की ओर से जानकारी प्राप्त न होने की स्थिति में विश्वविद्यालय के अभिलेखानुसार उपलब्ध विवरण के आधार पर शोधार्थी के आबंटन सम्बंधी प्रकिया को अंतिम रूप प्रदान कर दिया जावेगा।

प्रति,

1. समस्त मार्गदर्शक/सह–मार्गदर्शक, जीवाजी विश्वविद्यालय,ग्वालियर।
2. समस्त शोधार्थी, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

माननीय कुलपतिजी के आदेशानुसार

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. समस्त विभागाध्यक्ष शैक्षणिक विभाग, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
2. समस्त प्राचार्य शोध केन्द्र, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. सहायक कुलसचिव (अकादमी), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
4. कुलपति के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
5. कुलसचिव के निजी सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप-कुलसचिव